चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/ए0आर0/04/8004
दिनांक : 13.06.2023

विज्ञप्ति

एन0ई0पी0–2020 के अंतर्गत संचालित बी0ए0, बी0एस–सी0 एवं बी0काम0 पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर (द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) के मुख्य एवं बैक पेपर परीक्षा फार्म निम्नलिखित तिथियों में भरवाये जायेंगे :–

ऑनलाइन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि	–	**दिनांक 14-06-2023**
ऑनलाइन परीक्षा फार्म भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की अतिम तिथि	–	**दिनांक 25-06-2023**
महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा फार्म ऑनलाइन सत्यापित करने की अंतिम तिथि	–	**दिनांक 27-06-2023**
सत्यापित परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि।	–	**दिनांक 29-06-2023**

नोट–

01. परीक्षा फार्म भरने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध एन0ई0पी0 स्नातक पाठ्यक्रमों के समस्त नियम भली भाँति अध्ययन करना सुनिश्चित करें। नियम विरूद्ध भरा गया कोई भी परीक्षा फार्म स्वीकार्य नहीं होगा।
02. ऐसे सभी छात्र जो प्रथम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हुये हैं द्वितीय सेमेस्टर मुख्य परीक्षा का परीक्षा फार्म भरने हेतु अर्ह हैं। इसी प्रकार ऐसे सभी छात्र जो तृतीय सेमेस्टर मुख्य परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं को चतुर्थ सेमेस्टर मुख्य परीक्षा का परीक्षा फार्म भरने की अनुमति है।
03. द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर बैक पेपर परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध प्रोन्नति/बैक पेपर नियमों के आलोक में ही भरना सुनिश्चित करें।
04. समस्त महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि छात्रों के माईनर विषय एवं कौशल विकास पाठ्यक्रम विषय सही भरे गये हैं, यह सुनिश्चित करते हुए ही परीक्षा फार्म सत्यापित किया जाना सुनिश्चित करें।
05. परीक्षा फार्म सत्यापित किये जाने से पूर्व महाविद्यालयों के पास माईनर एवं कौशल विकास पाठ्यक्रम में संशोधन करने का अधिकार प्राप्त होगा।
06. एन0ई0पी0–2020 स्नातक द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षाएं माह–जुलाई, 2023 के द्वितीय सप्ताह से आरम्भ होनी प्रस्तावित हैं। अतः छात्रों एवं महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि वह उपर्युक्त समयावधि में परीक्षा फार्म भरना/सत्यापित करना सुनिश्चित करें।
07. परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 02.06.2023 में लिये गये निर्णय के अनुसार उपलब्ध माईनर पाठ्यक्रम सेमेस्टर विशेष के छात्रों द्वारा ही चयनित किये जायेंगे। परीक्षा फार्म भरते समय इस तथ्य का संज्ञान लिया जाना आवश्यक है।

13/06/2023
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय तथा समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अन्यथा की स्थिति में परीक्षाफार्म निरस्त कर दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान/विभाग का होगा।
02. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
06. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
07. उपकुलसचिव/सहा0 कुलसचिव (गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमेटी सैल/अति गोपनीय विभाग)
08. समस्त अनुभाग प्रभारी, परीक्षा विभाग।
09. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी विश्वविद्यालय वेबसाइट।
11. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्प्यूटर एजेन्सियों को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करे।

13/06

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)